# तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी

## 25 ठिकानों पर कफ सिरप कांड को लेकर कार्रवाई

## 32 आरोपियों की अब तक हो चुकी है गिरफ्तारी

**रांची, 12 दिसम्बर. जानलेवा कोडिन कफ सिरप कांड में ईडी का अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन सामने आया है.**

अवैध नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसके बाद यूपी सरकार ने मामले की गंभीरता देखते हुए एसआईटी गठित कर दी. शुक्रवार सुबह सात बजे झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात में 25 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की गई. अब तक 32 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि 18 अक्टूबर को सोनभद्र से एक ट्रक

भी पकड़ा गया था. मुख्य आरोपी शुभम जयसवाल फरार बताया जा रहा है, उसके पिता गिरफ्तार हैं. रांची स्थित शैली ट्रेडर्स और तुपुदाना गोदाम से महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं.

### 1000 करोड़ रुपये के अवैध नेटवर्क का पर्दाफाश

सूत्रों के अनुसार जानलेवा कोडिन कफ सिरप कांड में बड़ा खुलासा हुआ है. करीब 1000 करोड़ रुपये के अवैध नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए यूपी सरकार ने एसआईटी गठित की है. शुक्रवार सुबह सात बजे ईडी ने झारखंड, उत्तर प्रदेश और गुजरात में 25 ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी शुरू की. अब तक 32 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 18 अक्टूबर को सोनभद्र में एक ट्रक भी जब्त हुआ था. मुख्य आरोपी शुभम जयसवाल फरार है, जबकि उसके पिता गिरफ्तार किए जा चुके हैं. रांची में शैली ट्रेडर्स और शुभम के तुपुदाना स्थित गोदाम से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं. शुरुआती जांच में पाँच करोड़ से अधिक के वार्षिक अवैध कारोबार के संकेत मिले हैं. ईडी को आने वाले दिनों में और बड़े खुलासों की उम्मीद है. जांच अधिकारियों का कहना है कि यह कारोबार दवा सप्लाई चेन का उपयोग कर बड़े पैमाने पर नकली या प्रतिबंधित सिरप को विभिन्न जिलों में पहुंचाया जाता था. ईडी के सूत्रों के अनुसार इस मामले में कई लोगों की वित्तीय गतिविधियों को खंगालना शुरू किया है. इसी सिलसिले में रांची के सीए विष्णु अग्रवाल भी एजेंसी की जांच के दायरे में आए हैं. वहीं कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले को लेकर योगी सरकार सख्त हो गई है. इस मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं. साथ ही गिरफ्तार किए गए आरोपियों से चौंकाने वाले खुलासे भी हो चुके हैं.

## सिंगर जुबीन केस में चार्जशीट दाखिल

**गुवाहाटी, 12 दिसंबर.** सिंगर और कंपोजर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में असम पुलिस की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने तीन महीने बाद 3500 पन्नों से अधिक की चार्जशीट दाखिल की है. इसके साथ ही सीआईडी के स्पेशल डीजी मुन्ना प्रसाद गुप्त की अगुवाई वाली एसआईटी ने मामले से जुड़े दूसरे जरूरी कागजात भी गुवाहाटी के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की कोर्ट में जमा कर दिए हैं. जुबीन गर्ग की मौत 19 सितंबर को सिंगापुर में स्वीमिंग के दौरान हुई थी. वह नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के लिए कल्चरल ब्रांड एंबेसडर के तौर पर वहां गए थे. फेस्टिवल शुरू होने से पहले, 19 सितंबर को वह एक यॉट ट्रिप पर गए थे.

## इंडिगो संकट मामले में अमेरिकी कंपनी को जांच की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर. निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उससे पहले बड़े पैमाने पर देरी के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी है.**

इंडिगो ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को तकनीकी जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है. यह जांच विमानन संरक्षा से जुड़े दिग्गज कैप्टन जॉन इलसन के नेतृत्व में होगी जो अमेरिकी विमानन नियामक एफएए, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन

(आईसीएओ) और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात संघ के अलावा कई बड़ी वैश्विक एयरलाइंस के साथ काम कर चुके हैं. संकट से निपटने के लिए गठित इंडिगो के आंतरिक संकट प्रबंधन समूह ने जांच में बाहरी विशेषज्ञ को शामिल करने की सिफारिश की थी जिसे निदेशक मंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी है. इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि चीफ एविएशन एडवाइजर्स की टीम एक रिपोर्ट तैयार कर सौंपेगी.

## बुलेट ट्रेन के लिए स्टील ब्रिज का 130 मीटर स्पैन लॉन्च

**अहमदाबाद, 12 दिसंबर.** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए एनएच-64 और भारतीय रेलवे ट्रैक पर 230 मीटर लंबे स्टील ब्रिज के 130 मीटर स्पैन को लॉन्च किया गया है. नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) की ओर से शुक्रवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना ने गुजरात के भरूच जिले के कंथारिया गांव के पास नेशनल हाईवे-64 और इंडियन रेलवे ट्रैक की भरूच दहेज फ्रेट लाइन पर 230 मीटर (130 प्लस 100) लंबे स्टील ब्रिज के 130 मीटर स्पैन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया.

## गोवा में जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त : केजरीवाल

### भाजपा पर दबाव की राजनीति का लगाया गंभीर आरोप

**वेलिम, 12 दिसम्बर. गोवा की राजनीति में लगातार बढ़ रही हलचल के बीच आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गुरुवार को वेलिम में एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि गोवा की जनता भ्रष्टाचार, भय और गुंडागर्दी से त्रस्त हो चुकी है, और अब परिवर्तन की लहर उठ चुकी है. केजरीवाल के अनुसार, भाजपा ने राज्य में ऐसा राजनीतिक माहौल बनाया है जहां आम नागरिक अपनी आवाज उठाने से डरता है, जबकि सरकारी मशीनरी का इस्तेमाल विपक्ष को डराने और जनता को दबाने के लिए किया जा रहा है. कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उन्हें वेलिम के अद्भुत और जागरूक नागरिकों से मिलकर राज्य के वास्तविक हालात को समझने का अवसर मिला. उन्होंने कहा कि गोवा की जनता हर स्तर पर परेशानियों का सामना कर रही है—चाहे वह महंगाई हो, बेरोज़गारी हो, भ्रष्टाचार हो या सरकारी दमन. केजरीवाल ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के दोनों विधायक जनता के साथ मजबूती से खड़े रहे हैं.

> केजरीवाल के इस बयान ने गोवा की राजनीति में नई गर्माहट ला दी है. भाजपा की ओर से अभी तक इस आरोप पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि आप की सक्रियता और केजरीवाल का गोवा में बढ़ता हस्तक्षेप आगामी चुनावों में सत्ता समीकरणों को प्रभावित कर सकता है. जिला परिषद चुनावों को परिवर्तन की शुरुआत बताते हुए केजरीवाल ने कहा कि गोवा में यह चुनाव सिर्फ स्थानीय नेतृत्व का चयन ही नहीं, बल्कि एक नई राजनीतिक दिशा की शुरुआत भी हो सकते हैं. उन्होंने कहा कि जनता इस बार भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की राजनीति को नकारने का मन बना चुकी है और आने वाला चुनाव इसका प्रमाण बनेगा.
>
>

## कम लागत और अधिक उत्पादन को लेकर योगी ने की किसानों से चर्चा

**बाराबंकी 12 दिसंबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाराबंकी के दौलतपुर में किसान पाठशाला और प्रगतिशील किसान सम्मेलन का उद्घाटन किया.**

इस मौके पर उन्होंने किसानों से कम लागत और अधिक उत्पादन पर चर्चा की. उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा किसान पाठशाला के इस कार्यक्रम को हम यहां बहुत नजदीक से देख रहे हैं कि खेती क्या है. खेती की चुनौतियां क्या है. कम लागत और अधिक उत्पादन से हम कैसे किसानों को खुशहाल कर सकते हैं. उत्तर प्रदेश के पास देश की कुल कृषि योग्य भूमि का 11 प्रतिशत है लेकिन यूपी की देश के कुल उत्पादन में

हिस्सेदारी 21 प्रतिशत है. सरकार प्रदेश के 28 जिलों में 4000 करोड़ की लागत से खेती में सुधार के लिए विशेष प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि दौलतपुर गांव में पद्मश्री और प्रगतिशील किसान रामसरन वर्मा के फार्म हाउस पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किसानों के लिए तमाम योजनाएं चलाई हैं.

## लखनऊ में भाजपा अध्यक्ष की दौड़ तेज

### आज अध्यक्ष पद के लिए होगा नामांकन

**लखनऊ, 12 दिसंबर. यूपी भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई है. शुक्रवार को राजधानी में हुई महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम, केंद्रीय संगठन के प्रतिनिधि और वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे.**

13 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक नामांकन प्रक्रिया चलेगी, जिसके लिए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है. सूत्र बताते हैं कि भाजपा इस बार विपक्षी पीडीए की रणनीति को मात देने के लिए पिछड़ा वर्ग से अध्यक्ष चुनने के मूड में है. 14 दिसंबर को नए अध्यक्ष का नाम घोषित होने की पूरी संभावना है. उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल अपने चरम पर है. शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक हुई, जिसमें दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, संगठन के दिग्गज पदाधिकारी और केंद्रीय प्रतिनिधि मौजूद रहे. बैठक में 13 दिसंबर को होने वाली नामांकन प्रक्रिया, संभावित उम्मीदवारों के नाम और संगठनात्मक संतुलन पर गहन चर्चा हुई. भाजपा ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को केंद्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है, जो 13 दिसंबर को लखनऊ आएंगे.

> वहीं राष्ट्रीय महामंत्री और केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक विनोद तावड़े भी नामांकन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे. दोपहर 2 से 3 बजे के बीच प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के लिए नामांकन पत्र लिए जाएंगे. पार्टी सूत्रों के अनुसार, 14 दिसंबर को नए अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा होने की संभावना बहुत मजबूत है. चर्चा में यह भी सामने आ रहा है कि भाजपा इस बार प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव विपक्षी पीडीए की रणनीति को ध्यान में रखते हुए कर रही है. पार्टी ऐसे चेहरे की तलाश में है, जो पिछड़ा वर्ग से हो और संगठनात्मक पकड़ के साथ-साथ राजनीतिक संदेश भी दे सके.

### एक नजर में

## जापान-फिजी भूकंप से फिर हिली धरती

**टोक्यो/सुवा, 12 दिसंबर.** एशिया-प्रशांत क्षेत्र एक बार फिर भूकंप की सक्रियता से दहला है. शुक्रवार तड़के भारतीय समय के अनुसार 3-39 बजे जापान के टोक्यो से करीब 680 किलोमीटर उत्तर-उत्तरपूर्व दिशा में रिक्टर पैमाने पर 5.1 तीव्रता के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार इसका केंद्र समुद्र की सतह से लगभग 62 किलोमीटर नीचे था. इस झटके ने तीन दिन पहले आए 7.5 तीव्रता के भूकंप की भयावह यादें ताजा कर दीं, जिसने उत्तरी जापान के कई हिस्सों में तबाही मचाई थी. लेकिन इस बार लोगों को हिलाने वाला केवल भूकंप नहीं था—बल्कि उससे कुछ घंटे पहले आओमोरी में आसमान में दिखी वह चमकीली नीली रोशनी थी, जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया. कई मोबाइल कैमरों में कैद इस घटना को वैज्ञानिक 'भूकंप रोशनी' - कहते हैं.

स्पेन सख्त करेगा बच्चों सोशल मीडिया

## स्पेन में बच्चों का सोशल अकाउंट होगा ब्लॉक

**मैड्रिड, 12 दिसंबर.** स्पेन सरकार सोशल मीडिया अकाउंट बनाने की न्यूनतम कानूनी उम्र 16 साल करने पर विचार कर रही है. इस कानून के तहत उन्हें माता-पिता की सहमति के बिना अकाउंट खोलने की अनुमति नहीं होगी. इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा प्रदान करना है. यह जानकारी स्पेन के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और सिविल सर्विस मंत्रालय ने उपलब्ध कराई. मंत्रालय ने एक बयान में कहा, सरकार एक ऐसा विधेयक लाने पर विचार कर रही है जो माता-पिता की सहमति के बिना सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने के लिए डिजिटल एज ऑफ मैजोरिटी को 14 से बढ़ाकर 16 कर देगा.

## पूर्व ग्राम प्रधान को धोखाधड़ी केस में 10 साल सजा

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर.** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने दो लोगों को सरकारी खजाने में एक करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के आरोप में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. सीबीआई के सूत्रों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की.उन्होंने बताया कि दोषी ठहराए गए व्यक्तियों में तत्कालीन ग्राम प्रधान सत्य नारायण प्रसाद पटेल और तत्कालीन उचित मूल्य दुकानदार (कोटेदार) शाहनवाज आलम शामिल हैं. अदालत ने उन पर कुल 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. सीबीआई ने 2008 में बलिया जिले के नरही पुलिस स्टेशन से मामला अपने हाथ में लेकर 172 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था.

### आज का इतिहास

1232- इल्तुतमिश ने ग्वालियर पर कब्जा किया।

1675- सिख गुरू तेग बहादुर जी को दिल्ली में शहीद किया गया।

1772 - नारायण राव सतारा के पेशवा बने।

1921- प्रिंस ऑफ वेल्स ने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।

1921- वाशिंगटन सम्मेलन के दौरान अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, जापान और फ्रांस के बीच 'फोर पॉवर' संधि पर दस्तखत। चारों देशों से सलाह करने का प्रावधान किया गया।

## गाजा पर भारत ने शांति नीति दोहराई

### तीन देशों की यात्रा पर 15 से जाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली 12 दिसम्बर. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की 15 दिसम्बर से शुरू होने वाली चार दिन की यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने पर चर्चा होगी तथा साथ ही अनेक क्षेत्रों में समझौतों ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की संभावना है.**

विदेश मंत्रालय में सचिव (दक्षिण) डा.नीना मल्होत्रा और अरूण कुमार चटर्जी, सचिव (कांसुलर, पासपोर्ट, वीज़ा और

प्रवासी भारतीय मामले) ने शुक्रवार को यहां विशेष ब्रीफिंग में तीनों देशों की यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सवालों के जवाब में उन्होंने कहा कि ओमान से भारत को वायु सेना के जगुआर विमानों के लिए कलपुर्जो की आपूर्ति शीघ्र होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत गाजा में शांति योजना का समर्थन करता है और वहां स्थायी शांति की बहाली का पक्षधर है. उन्होंने कहा कि ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है और इसके जल्द अंजाम तक पहुंचने की संभावना है. मल्होत्रा ने कहा कि श्री मोदी यात्रा के पहले चरण में जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के निमंत्रण पर 15 से 16 दिसंबर तक वहां की द्विपक्षीय यात्रा पर रहेंगे.

उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री की जॉर्डन की पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा होगी जो दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 75 वीं वर्षगांठ पर हो रही है. यह द्विपक्षीय यात्रा 37 वर्षों के अंतराल पर हो रही है. दोनों देशों के बीच परस्पर विश्वास और सद्भावना पर आधारित मैत्री संबंध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच मजबूत आर्थिक संबंध हैं और ओमान में भारतीय समुदाय के करीब 17 हजार से अधिक लोग हैं.

## थाईलैंड राजा ने चुनाव से पहले भंग की संसद

**बैंकॉक, 12 दिसंबर.** थाईलैंड के राजा ने संसद के निचले सदन को भंग करने वाले एक शाही फरमान को मंजूरी दे दी है. रॉयल गजट में शुक्रवार को प्रकाशित एक घोषणा में इसकी पुष्टि की गई, जिससे यहां अगले साल की शुरुआत में आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है. प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नवीरकुल द्वारा हस्ताक्षरित इस शाही आदेश में उनकी सरकार की स्थिति को अल्पमत सरकार बताते हुए इसे भंग करने का प्राथमिक कारण बताया गया है. इसमें कहा गया है, वर्तमान प्रशासन ( जिसने सितंबर 2025 में पदभार संभाला था) कई दलों के एक गठबंधन से बना था जो प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने में विफल रहा.


**आवश्यकता है**

बम्पर भरती सनफ्लैग वरठी भंडारा में सुरक्षा गार्ड/ सुपर वाइजर की आवश्यकता है
उचाई 5'.7",
8 घंटे ड्यूटी - 26 दिन, 4 छुट्टी,
( डाक्यूमेंट के साथ मिले)
वेतन 15000 से 20000
प्रति माह
साथ ही रहने की व्यवस्था
संपर्क : 8855828901 / 7030497666


## प्रोबो गेमिंग एप की 117 करोड़ की प्रॉपर्टी कुर्क

**गुरुग्राम, 12 दिसंबर.** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित प्रोबो मीडिया टैक्नोलॉजीज कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने कंपनी और उसके निदेशकों के परिवार के सदस्यों की करीब 117.41 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है. कुर्क की गई संपत्तियों में कंपनी के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट, शेयर्स में निवेश, डिमांड ड्राफ्ट, बैंक बैलेंस और निदेशकों के परिवार के सदस्यों के नाम पर फ्लैट और अपार्टमेंट शामिल हैं. बता दें कि प्रोबो ऐप और वेबसाइट ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाती थी.

## झारखंड का धन लूटा जा रहा : मरांडी

### प्राकृतिक संपदा पर झामुमो की नजर, जनता में गुस्सा

**रांची, 12 दिसम्बर. झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है.**

श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक संपदाओं की कोई कमी नहीं है इसका इस्तेमाल सही तरीके से किया जाए लेकिन सरकार का पूरा ध्यान अवैध खनन और उससे होने वाली काली कमाई पर टिका हुआ है. श्री मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी लगातार विधानसभा से लेकर मीडिया तक यह झूठ फैलाते रहते हैं कि केंद्र

सरकार ने झारखंड का पैसा रोका हुआ है. जबकि हम बार-बार कहते आए हैं कि यदि झारखंड की प्राकृतिक संपदाओं का सही तरीके से प्रबंधन किया जाए, तो इस राज्य में धन की कभी कमी नहीं होगी. लेकिन हेमंत सरकार का पूरा ध्यान वैध खनन और सरकारी राजस्व बढ़ाने पर नहीं, बल्कि अवैध खनन और उससे होने वाली काली कमाई पर टिका हुआ है.

> श्री मरांडी ने कहा कि यह पूरा खेल बाबा के इशारों पर चलता है. इलाके में डीसी और एसपी भी मानो बाबा के निजी घरेलू स्टाफ की तरह काम करते हों. इन जिलों में वही अधिकारी भेजा जाता है जो बाबा के आगे नतमस्तक होने की कसमें खा ले. और यदि कोई युवक या आम ग्रामीण विरोध करता है, तो उस पर झूठे केस लादकर जेल भेज दिया जाता है, यहाँ तक कि एनकाउंटर भी कर दिए जाते हैं.हेमंत जी, आखिर यह बाबा कौन है, जो आपके निजी एवं आवासीय अंगरक्षकों की पूरी फौज को लेकर खुलेआम इलाके का निरीक्षण करता फिरता है.


**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक 02, भोपाल
मोबा.: 9425601534 ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/1175/पयं/भोपाल-02/तशा/2025
भोपाल, दिनांक : 05.12.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना (तृतीय चरण) के अंतर्गत निर्माण कार्य 12+48 (सामान्य) आवासगृह डीआरपी लाइन, जिला-राजगढ़, निर्माण कार्य 12+48 (सामान्य) आवासगृह डीआरपी लाइन, जिला-गुना एवं निर्माण कार्य 12+48 (सामान्य) आवासगृह डीआरपी लाइन जिला-अशोकनगर (म.प्र.) के निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-23/2025-26 ऑनलाइन निविदा क्रमांक MPPHCL/TENDER No. 2025_MPPHC_467075_1, 2025_MPPHC_467085_1 & 2025_MPPHC_467103_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.01.2026 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन से खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123451/2025 **परियोजना यंत्री**



**पश्चिम मध्य रेल**

**फिलान्थ्रोपिक बुक स्टॉल आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रण**

पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल, वाणिज्य विभाग द्वारा सूचित किया जाता है कि जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 01 (आरएमएस कार्यालय एवं वाटर कूलर के पास) पर एक **बुक स्टॉल** के आवंटन हेतु **Commercial Circular No. 71/2017** के अनुसार **धार्मिक, सामाजिक, परोपकारी एवं फिलान्थ्रोपिक संस्थाओं** से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन दिनांक **30.12.2025 को दोपहर 15:00 बजे तक** कार्यालय में अनिवार्यतः जमा होना चाहिए, विलंब से प्राप्त आवेदन अस्वीकार्य होंगे। यह आवंटन **Category-C (Philanthropic/Social/Religious Organizations)** के अंतर्गत किया जाएगा। पात्र संस्थाएँ वे होंगी जिनका **अपना प्रकाशन** (पुस्तक/पत्रिका) सामाजिक, सांस्कृतिक या शैक्षणिक विषयों पर उपलब्ध हो तथा जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860, विधिवत ट्रस्ट डीड, आयकर विभाग में पंजीकृत ट्रस्ट/NGO या कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत हों। आवेदन के साथ पंजीकरण प्रमाणपत्र, आयकर अधिनियम की धारा **12A** का प्रमाण, धारा **80G/35AC** की मान्यता तथा प्रकाशन का प्रमाण अनिवार्य रुप से संलग्न हो। संस्था का लाभ-निरपेक्ष होना तथा कम से कम **05 वर्ष** से सक्रिय होना आवश्यक है। न्यूनतम वार्षिक लाइसेंस शुल्क **₹ 5000/-** निर्धारित है तथा आगामी वर्षों में **टर्नओवर का 2.5% या ₹ 5000/-, जो अधिक हो**, वह देय होगा; शुल्क प्रतिवर्ष अग्रिम में जमा करना होगा। **छह माह की लाइसेंस फीस के बराबर ब्याज-रहित सुरक्षा राशि** जमा करनी होगी। लाइसेंस अवधि **पाँच वर्ष** की होगी, नवीनीकरण रेलवे प्रशासन के विवेकाधिकार पर निर्भर होगा। स्टॉल पर केवल पुस्तकें, पत्रिकाएँ, शैक्षणिक/सांस्कृतिक सामग्री तथा धार्मिक/सामाजिक साहित्य की बिक्री अनुमन्य होगी; अश्लील, अभद्र, राजनीतिक अथवा विवादित सामग्री की बिक्री पूर्णतः वर्जित है। स्टॉल का स्वरुप एवं डिज़ाइन रेलवे के मानकों के अनुरुप होगा तथा संचालन निर्धारित समयानुसार अनिवार्य होगा। MRP से अधिक मूल्य पर बिक्री, सब-लेटिंग तथा प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय निषिद्ध है। सभी कर, विद्युत शुल्क, कंजरवेंसी शुल्क एवं अन्य देय प्रभार लाइसेंसी को वहन करने होंगे। रेलवे प्रशासन को आवेदन स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है तथा अनुबंध शर्तों के उल्लंघन पर लाइसेंस तत्काल निरस्त किया जा सकता है। विस्तृत सूचना **https://wcr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते है। आवेदन **''मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल''** के नाम पर भेजें।

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


## साय से शोधकर्ताओं ने की मुलाकात

**रायपुर 12 दिसंबर. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आईआईएसडी) और स्वनिति इनिशिएटिव के शोधकर्ताओं ने शुक्रवार को सौजन्य मुलाकात की.**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने उनकी विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट मैपिंग इंडियाज स्टेट लेवल एनर्जी ट्रांजिशन- छत्तीसगढ़ का विमोचन किया. मुख्यमंत्री साय ने शोधकर्ताओं के साथ राज्य में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रसार, ऊर्जा सुरक्षा, और सतत विकास की दिशा में राज्य सरकार की रणनीतियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की. उन्होंने कहा

कि राज्य में सौर ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और ऊर्जा दक्षता संबंधी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है. शोधकर्ताओं ने श्री साय को देश के 52 कोयला उत्पादक जिलों की 'एनर्जी ट्रांजिशन वल्नरेबिलिटी' पर आधारित एक व्यापक इंडेक्स प्रस्तुत किया, जिसमें यह दर्शाया गया कि पारंपरिक कोयला आधारित क्षेत्रों में 'जस्ट ट्रांजिशन'—अर्थात् आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से न्यायपूर्ण बदलाव—कितना आवश्यक है.

## 70 प्रतिशत कार्य केवल दो वर्ष में ही पूरे किए : भजनलाल

जयपुर, 12 दिसम्बर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को यहां 50 विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. श्री शर्मा ने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान से इन रथों को रवाना किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा हम जनता के सेवक के रूप में कार्य कर रहे हैं और प्रदेश के विकास का पहिया बिना रुके, बिना थमे आगे बढ़ रहा है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता को अपने कामों का हिसाब दें. इसीलिए हमारी सरकार ने पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी अपने सुशासन का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा है. मुख्यमंत्री ने ये भी कहा, हमने जनता-जनार्दन से जो काम पांच साल में पूरे करने का वादा किया था उनमें से 70 प्रतिशत कार्य केवल दो वर्ष में ही पूरे किए जा चुके हैं.


SCMS SKILL COUNCIL for MINING SECTOR

**महिलाओं के लिए निःशुल्क आवासीय डम्पर ऑपरेटर प्रशिक्षण एवं अप्रेंटिसशिप में दाख़िला**

स्किल काउंसिल फॉर माइनिंग सेक्टर द्वारा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के पात्र महिला उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित है

| प्रशिक्षण ट्रेड | आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता | स्टाइपेंड | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षण केंद्र |
|---|---|---|---|---|---|
| डम्पर ऑपरेटर (100 टन) | उम्र: 20 से 35 वर्ष 01 दिसंबर 2025 तक | डिप्लोमा (मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेकाट्रॉनिक्स में)/ ग्रेजुएट (किसी भी क्षेत्र में) | ₹10,900 प्रति माह | 1 साल 4 महीने की ट्रेनिंग (चयनित अभ्यर्थियों को 4 महीने के प्रशिक्षण के उपरांत 1 वर्ष की अप्रेंटिसशिप प्रदान की जाएगी) | सिंगरौली, मध्य प्रदेश |

आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : 19 दिसंबर 2025, शाम 5:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिए " www.skillcms.in " पर जाएँ और
किसी भी अन्य जानकारी एवं सहायता के लिए कृपया कॉल करें: 70006 26450